# कार्यालयः जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, हापुड़।

पत्रांक–एस०एस०ए० / KGBV–चयन / 5320–26 / 2026–27,     दिनांकः 09 / 07 / 2026

## विज्ञप्ति

उत्तर प्रदेश शासन के शासनादेश सं. 1553 / 68–05–2020 दिनांक 11 दिसम्बर 2020 तथा महानिदेशक, स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना निदेशक, समग्र शिक्षा उ०प्र० लखनऊ के पत्रांक के०जी०बी०वी० / शिक्षक / 8362 / 2020–21 दिनांक 04 जनवरी, 2021 एवं पत्रांकः के०जी०बी०वी० / 11308 / 2022–23 दिनांक 14.02.2023 के अनुपालन में जनपद हापुड़ में संचालित 04 कस्तूरबा गाँधी आवासीय बालिका विद्यालयों में नितान्त अस्थाई रूप से सृजित रिक्त पदों के सापेक्ष संविदा पर चयन हेतु इच्छुक अर्ह महिला अभ्यर्थी से पंजीकृत डाक द्वारा कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, हापुड़ के पते पर निर्धारित प्रारूप पर दिनांक 24.07.2026 को सायं 5:00 बजे तक निम्नलिखित पदों पर निर्धारित शर्तों के अधीन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। पंजीकृत डाक के अतिरिक्त किसी अन्य माध्यम से प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा । आवेदित पद का विवरण निम्नवत् है–

| क्र. सं. | पदनाम | आयु (1 अप्रैल, 2026 को) | विषय | कुल पद | आरक्षण की श्रेणी | | | | निर्धारित मासिक मानदेय | अनिवार्य शैक्षिक व प्रशिक्षण अर्हता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | UR | EWS | OBC | SC | | |
| 1 | पूर्णकालिक शिक्षिका | 25–45 वर्ष | गणित | 1 | – | – | – | 1 | रू0 25410 / – | बी०एस०सी० (P.C.M) तथा एन०सी०टी०ई० से मान्यता प्राप्त बी० एड० / समकक्ष एल०टी० तथा उच्च प्राथमिक स्तर की टी०ई०टी० परीक्षा उत्तीर्ण |
| 2 | पूर्णकालिक शिक्षिका | 25–45 वर्ष | विज्ञान | 1 | 1 | – | – | 1 | रू0 25410 / – | बी०एस०सी० (Z.B.C) तथा एन०सी०टी०ई० से मान्यता प्राप्त बी० एड० / समकक्ष एल०टी० तथा उच्च प्राथमिक स्तर की टी०ई०टी० परीक्षा उत्तीर्ण |
| 3 | अंशकालिक शिक्षिका | 25–45 वर्ष | कम्प्यूटर | 2 | 1 | – | 1 | – | रू0 12790 / – | कम्प्यूटर प्रशिक्षित स्नातक तथा एन०सी०टी०ई० से मान्य बी० एड० / समकक्ष एल०टी० / पी०जी०डी०सी०ए० / बी०सी०ए० / बी०एस०सी० कम्प्यूटर साइंस अथवा (DOEACC)/NIELIT से 'O' LEVEL का प्रमाण पत्र |
| 4 | अंशकालिक शिक्षिका | 25–45 वर्ष | कला क्राफ्ट एवं संगीत / गृह शिल्प | 1 | – | 1 | – | – | रू0 12790 / – | निर्दिष्ट विषय से स्नातक उपाधि सहित प्रशिक्षण उपाधि |
| 5 | अंशकालिक शिक्षिका | 25–45 वर्ष | स्काउट गाइड एवं शारीरिक शिक्षा | 2 | – | – | 1 | 1 | रू0 12790 / – | बी0पी0एड0, सी0पी0एड0 एवं डी0पी0एड0 आदि उपाधि |
| 6 | चपरासी | 25–45 वर्ष | कक्षा–8 उत्तीर्ण | 1 | 1 | – | – | – | रू0 7505 / – | विद्यालय में रात्रि निवास अनिवार्य होगा। अभ्यर्थी शारीरिक अक्षमता एवं संक्रामक रोग से ग्रस्त नहीं होना चाहिए। |
| | कुल योग | | | 8 | 3 | 1 | 2 | 2 | | |

**चयन हेतु आवश्यक निर्देशः**

1. पूर्णकालिक शिक्षिका / लेखाकार, मुख्य रसोइया एवं सहायक रसोइया के पदों पर केवल महिला अभ्यर्थी का ही चयन किया जायेगा।
2. के०जी०बी०वी० में संविदा में नियुक्ति विशेष अनुज्ञा याचिका संख्या–13553 / 2022 स्टेट प्रोजेक्ट डायरेक्टर बनाम सरोज मौर्या व अन्य में मा० उच्चतम न्यायालय द्वारा पारित अंतिम आदेश के अधीन होगी।
3. उपरोक्त सभी रिक्त पदों की संख्या घट–बढ़ सकती है, विषयवार एवं आरक्षणवार सीटों का अन्तिम निर्धारण चयन समिति द्वारा किया जायेगा।
4. के०जी०बी०वी० में ऐसे शिक्षक शिक्षिका जो शैक्षिक वर्ष 2020–21 में नवीन संविदा से वंचित हो रहे हैं, उन शिक्षकों को चयन हेतु शैक्षिक अर्हता में शासनादेशः सं० के०जी०बी०वी० / 3–2 / 1916 / 2013–14 दिनाक 29.07.2013 के पूर्व कार्यरत शिक्षकों के लिये टी०ई०टी० की अर्हता अनिवार्य नहीं होगी। आवेदक को तत्सम्बन्धी प्रमाणपत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।
5. आवेदन पत्र के लिफाफे के ऊपर आवेदित पद का नाम, विषय एवं आरक्षित वर्ग लिखना अनिवार्य है।
6. आवेदन पत्र के साथ 25x10 से०मी० के दो लिफाफे, जिनमें प्रत्येक पर रू० 39–39 / – का डाक टिकट लगा हो एवं स्वयं का पता स्पष्ट एवं पूर्णरूप में लिखा हो, संलग्न करना अनिवार्य होगा।
7. पूर्णकालिक शिक्षिका, मुख्य रसोइया / सहायक रसोइया का पद पूर्णकालिक है। इनके लिए विद्यालय परिसर में निवास करना अनिवार्य होगा।
8. मुख्य रसोईया, सहायक रसोईया, चपरासी व चौकीदार को शारीरिक अक्षमता एवं संक्रामक रोग से ग्रस्त नहीं होना चाहिये। चयनोपरान्त सी०एम० ओ० से स्वास्थ्य प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।
9. आवेदन पत्र के साथ समस्त शैक्षिक / प्रशिक्षण योग्यता / निवास / जाति प्रमाण पत्रों की स्वप्रमाणित छायाप्रतियां संलग्न करना अनिवार्य है।
10. शैक्षिक सत्र में कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में चयनित अभ्यर्थियों का सेवा अनुबन्ध 11 माह 29 दिन के लिए किया जायेगा। कार्य व व्यवहार अच्छा होने पर ही जिलाधिकारी महोदय / महोदया के अनुमोदनोपरान्त अगले सत्र में लिए नवीनीकरण किया जायेगा।
11. सभी पदों हेतु न्यूनतम आयु 25 वर्ष एवं अधिकतम आयु 45 वर्ष होगी। आयु की गणना 01 अप्रैल, 2026 से की जायेगी। सत्र 2020–21 में संविदा से वंचित रह गये शिक्षिकाओं को अधिकतम आयुसीमा से छूट प्रदान कि जायेगी किन्तु उनकी आयु 60 वर्ष से अधिक न हो।
12. अलग–अलग पद एवं विषय के लिए अलग–अलग आवेदन करना होगा।
13. एक लिफाफे में एक ही आवेदन पत्र स्वीकार किया जायेगा ।
14. शैक्षिक स्टाफ यथा पूर्णकालिक शिक्षिका, उर्दू शिक्षक / शिक्षिक, अंशकालिक शिक्षक / शिक्षिका तथा लेखाकार के पद पर चयन सीधे मेरिट के आधार पर किया जायेगा। भारांक के अंको का निर्धारण 1– हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट परीक्षा में प्राप्तांक का प्रतिशत x10/100 स्नातक में प्राप्तांक का प्रतिशत X 20/100 एवं प्रशिक्षण में प्राप्तांक का प्रतिशत X 30/100 होगा। भारांक– कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में शिक्षक के रूप में कार्यानुभव प्रत्येक पूर्ण अध्यापन वर्ष के लिए 02 अंक, अधिकतम 30 अंक तक जो भी कम हो देय होगा।
15. अन्तिम तिथि के पश्चात कोई आवेदन पत्र स्वीकार नही किया जायेगा।
16. आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप पर मान्य होंगे। अपूर्ण एवं अस्पष्ट रूप से भरे आवेदन, बगैर फोटो के आवेदन तथा अपठनीय हस्ताक्षर होने पर आवेदन पत्र निरस्त कर दिये जायेंगे।
17. किसी सेवा से बर्खास्त, नैतिक / चारित्रिक अक्षमता के अपराध के लिए दोष सिद्ध एवं दिवालिया व्यक्ति चयन के लिए अर्ह नहीं होंगे। चयन समिति अभ्यर्थी के चरित्र के सम्बंध में यथोचित समाधान करेगी।
18. आवेदन कर्ता को आवेदन पत्र के साथ राजपत्रित अधिकारी द्वारा निर्गत चरित्र प्रमाण पत्र संलग्न करना होगा जिसमें स्पष्ट उल्लेख होगा कि मैं श्री / श्रीमती / कु०............... पुत्र / पुत्री / श्री..................निवासी निवासी को भली–भाँति जानता एवं पहचानता हूं।

**जिला समन्वयक (बा०शि०),**
**एस०एस०ए०, हापुड़**

**जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी,**
**हापुड़।**

### आवेदन का पत्र का प्रारूप

**स्वयं प्रमाणित फोटो**

1. आवेदित पद का नामः........................................
2. विषयः ........................................
3. गृह जनपद का नाम ........................................
4. आवेदक का नाम (हिन्दी में): ........................................
5. आवेदक का नाम (अंग्रेजी के बड़े कैपिटल अक्षरों में): ........................................
6. आवेदक के पिता का नाम (हिन्दी में ) ........................................
7. जन्मतिथि (हाईस्कूल/आठवीं के अभिलेखानुसार): तिथि.......................माह.......................वर्ष.......................
8. दिनांक 01.04.2025 को आयुः वर्ष.......................माह.......................दिन.......................
9. पत्र व्यवहार का पताः........................................
10. दूरभाषः........................................
11. ई-मेलः........................................
12. जाति / वर्ग ( सामान्य, अनु० जाति, अनु०जनजाति, पिछड़ी जाति)........................................
13. शैक्षिक योग्यता विवरणः

| परीक्षा का नाम | बोर्ड / विश्व विद्यालय का नाम | वर्ष | समस्त विषय के नाम | पूर्णांक | प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| कक्षा 8 (केवल चपरासी, चौकीदार, सफाईकर्मी के आवेदकों के द्वारा भरा जायगा) | | | | | | |
| हाईस्कूल | | | | | | |
| इण्टरमीडिएट | | | | | | |
| स्नातक | | | | | | |
| परास्नातक | | | | | | |
| प्रशिक्षण योग्यता | | | | | | |
| CTET/UPTET | | | | | | |
| अन्य | | | | | | |

14. संलग्नको का विवरण.........

### घोषणा

मैं शपथ पूर्वक अभिकथन करता / करती हूँ कि आवेदन पत्र में दिये गये उपरोक्त विवरण सत्य हैं। चयन के पूर्व अथवा बाद में जाँच उपरान्त विवरण असत्य अथवा गलत पाए जाने पर सम्बन्धित अधिकारियों को मेरा अभ्यर्थन निरस्त करने व मेरे विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही करने का अधिकार होगा। समस्त मूल प्रमाण पत्रों की प्रमाणित छायाप्रति आवेदन पत्र के साथ संलग्न की जा रही है। विज्ञप्ति की शर्तों को पूरा न करने / स्वयं हस्ताक्षरित न होने / साधारण डाक द्वारा आवेदन पत्र प्रेषित किये जाने की स्थिति में मेरा अभ्यर्थन स्वतः निरस्त माना जाये।

दिनांक.............
स्थान..........

अभ्यर्थी का नामः
हस्ताक्षरः